# कानून के राज को स्थापित करना ही सबसे अच्छी संस्कृति: महेन्द्र मोदी

ग्राम्यवार्ता संवाददाता

लखनऊ। यूनाइट फाउण्डेशन की ओर से 71वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर हमारी सांस्कृतिक धरोहर और आजाद अभिव्यक्ति कार्यक्रम के तहत शुक्रवार 24 अगस्त को संवाद परिचर्चा एवं रचनात्मक प्रतियोगिता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन राष्ट्रीय सांस्कृतिक सम्पदा संरक्षण अनुसंधानशाला जानकीपुरम के प्रेक्षागृह में किया गया। कार्यक्रम के सहअयोजक कला एवं शिल्प महाविद्यालय ललित कला संकाय लखनफ विश्वविद्यालय के प्रोफेसर एवं छात्रकृछात्राओं ने भाग लिया। मुख्य अतिथि यूपी के पुलिस महानिदेशक तकनीकी सेवाएं महेंद्र मोदी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारी सांस्कृतिक धरोहरों को संरक्षित करना होगा। इनके संरक्षण के लिए हम सभी को आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि अगर हम मंत्रियों, अधिकारियों की शक्तियों को बढ़ाते गए तो हम अवसंस्कृति को बढावा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज हमारी संस्कृति को सबसे ज्यादा जरूरत है कानून के राज की।